

# मक्सी रोड बन रहा फोरलेन, 37 करोड़ की लागत से बनेगा नया ब्रिज

## सेतु विकास निगम ने की तैयारी प्रारंभ, श्रद्धालुओं और उद्योगों को मिलेगा बड़ा लाभ, प्रभावित परिवारों को जल्द बाटेंगे नोटिस

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिस फ्रीगंज और ब्रिज का भूमि पूजन किया था, उसका निर्माण सेतु विकास निगम ने प्रारंभ कर दिया है। साइड रिक्त किए जाने का काम तेजी से चल रहा है वही निर्माण भी शुरू कर दिया गया है। अब सेतु विकास निगम एक और टू लाइन ब्रिज बन रहा है। मक्सी से उज्जैन तक जो फोरलेन सड़क बन रही है उसमें अब मक्सी रोड ब्रिज भी फोर लेन हो जाएगा।




महाकाल की नगरी में सिंहस्थ महाकुंभ 2028 की तैयारियां अब युद्ध स्तर पर प्रारंभ हो चुकी हैं। इसी क्रम में अब मक्सी रोड पर 37 करोड़ रुपए की लागत से नया टू-लेन ब्रिज बनाए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। यह नया ब्रिज पुराने मक्सी रोड ब्रिज के समानांतर बनाया जाएगा, जिससे पुराना टू-लेन और नया टू-लेन मिलकर फोरलेन मार्ग का स्वरूप लेगा।

कार्यपालन यंत्री पीएस पंत ने कहा कि जो भी निर्माण कार्य होगा। वह पूरी तरह नियमों के तहत किया जाएगा। यदि किसी का मकान, दुकान, जमीन या अन्य संरचना परियोजना में प्रभावित होती है, तो नियमानुसार उचित मुआवजा दिया जाएगा। अवैध अतिक्रमण हटाया जाएगा, लेकिन वैध निर्माण को लेकर शासन के निर्देशों का पालन किया जाएगा। कार्यपालन यंत्री पंत ने बताया कि सिंहस्थ 2028 के तहत जो भी आवश्यक निर्माण कार्य हैं। उन्हें समय पर पूरा करना अनिवार्य है। समय कम है और कार्य बहुत अधिक हैं। यदि जनता का सहयोग नहीं मिला तो विकास कार्य बाधित हो सकते हैं। ऐसे में सभी से सहयोग की अपील की गई है। नया टू-लेन ब्रिज बनने के बाद दोनों ब्रिज मिलकर फोरलेन हो जाएंगे, जिससे मक्सी रोड पर यातायात बेहद सुगम होगा। सिंहस्थ 2028 में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही उद्योगपुरी क्षेत्र के बड़े और भारी वाहनों की आवाजाही भी आसानी से हो सकेगी। मक्सी रोड फोरलेन ब्रिज बनने से उज्जैन के इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा इजाफा होगा। इससे न केवल यातायात दबाव कम होगा। बल्कि व्यापार, उद्योग और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। कुल मिलाकर यह परियोजना उज्जैन के विकास, आर्थिक उन्नति और सिंहस्थ महाकुंभ 2028 की सफल तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। नवभारत से चर्चा में कार्यपालन यंत्री पीएस पंत ने स्पष्ट किया कि कुछ लोग जानबूझकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं, डराने और उकसाने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि ब्रिज की ड्राइंग और डिजाइन पूरी तरह से स्वीकृत है। भोपाल स्तर तक संबंधित अधिकारियों से अनुमति मिल चुकी है।

### इनका कहना है

सिंहस्थ 2028 में ज्यादा समय नहीं है इसलिए हमें निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ करना होंगे। बड़ा प्रोजेक्ट है, 37 करोड़ की लागत से टू लेन ब्रिज मक्सी रोड पर बनाया जाएगा। आईटीआई बिल्डिंग की दीवार तोड़ी गई है। जिसमें उच्च स्तर के अधिकारियों ने ही निर्देशित किया था। प्राचार्य ने भी कोई आपत्ति नहीं जताई है। वह भी सरकारी डिपार्टमेंट है और हमारा भी सरकारी काम है और सिंहस्थ की दृष्टि से मार्ग और ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है, हालांकि कुछ लोग भ्रमित कर रहे हैं बावजूद इसके हम नियम से कम कर रहे हैं।

**-पीएस पंत, कार्यपालन यंत्री, सेतु विकास निगम उज्जैन**

### मक्सी से उज्जैन तक फोरलेन की कड़ी

गौरतलब है कि मक्सी से उज्जैन तक पहले से ही फोरलेन सड़क का निर्माण प्रस्तावित एवं प्रगति पर है। उसी कड़ी में उज्जैन सेतु विकास निगम द्वारा मक्सी रोड ब्रिज को भी फोरलेन करने की योजना को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। सेतु विकास निगम की टीम ने मौके पर तैयारी शुरू कर दी है और ड्राइंग-डिजाइन भी सार्वजनिक कर दी गई है। नगर निगम द्वारा प्रभावित क्षेत्र के लोगों को शीघ्र ही नोटिस वितरित किए जाएंगे। साथ ही ब्रिज निर्माण को लेकर वर्क ऑर्डर भी जारी किया जा चुका है। निर्माण के दौरान जहां-जहां अतिक्रमण या अवैध निर्माण सामने आएगा, उसे नियमानुसार हटाया जाएगा। ब्रिज निर्माण को लेकर कुछ स्थानों पर विरोध भी सामने आया है। आईटीआई विभाग की बाउंड्री को भी तोड़े जाने का मामला प्रकाश में आया है। अफसर से प्राचार्य की चर्चा भी हो चुकी थी और भोपाल से भी सेतु निगम के चीफ इंजीनियर उज्जैन पहुंचे थे उन्होंने भी मार्ग का मौका मुआयना किया उसके बाद ही बाउंड्री वॉल तोड़ी गई। कुछ लोग भ्रमित कर रहे हैं।

# प्रयागराज में हुआ सेवानिवृत्त अधिकारी से हुई ठगी का ट्रांजेक्शन, राशि कराई होल्ड

**उज्जैन। बिजली विभाग से रिटायर्ड क्लास वन अधिकारी के साथ जीवित प्रमाण पत्र ऑनलाइन भेजने के दौरान ऑनलाइन 1.8 लाख की धोखाधड़ी हो गई। खाते से रुपयों का ट्रांजेक्शन होने पर तत्काल परिवार से जुड़े अधिकारी को जानकारी दी गई। राशि का ट्रांजेक्शन होल्ड कराया दिया गया।**

संत कबीर नगर में रहने वाले सुभाष पिता पुरुषोत्तम खरे 64 साल बिजली विभाग से रिटायर्ड है। अक्टूबर 2025 से उनकी पत्नी का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। जिसके चलते वह बैंक में पेंशन के लिये अपना लाइफ सर्टिफिकेट (जीवित प्रमाण पत्र) जमा करने नानाखेड़ा स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया नहीं जा पा रहे थे। उन्होने नवम्बर 2025 में ऑनलाइन लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने के लिये अपने पेंशन ग्रुप में आई हुई लिंक को ओपन किया। जिसमें बैंक का नम्बर भी मौजूद था। वह ऑनलाइन सर्टिफिकेट जमा करने की प्रक्रिया को पूरा कर पाते उससे पहले बेटी ने उन्होने प्रक्रिया को रोक दिया और सीधे बैंक में जाने की बात कहीं। उन्होंने प्रक्रिया पूरी नहीं की और पत्नी के पास अस्पताल चले गये। कुछ घंटे बाद पता चला कि उनके खाते से 1.8 लाख का ट्रांजेक्शन हो गया। उन्होने परिवार में शामिल पुलिस अधिकारियों को जानकारी दी। उन्होने सायबर हेल्पलाइन पर शिकायत कर राशि होल्ड कराई। दूसरे दिन बैंक और सायबर से संपर्क कर घटनाक्रम बताया। यूनियन बैंक ने खाते से ट्रांसफर राशि का पता लगाया तो सामने आया कि उक्त राशि प्रयागराज के फूलपुर स्थित बैक ऑफ इंडिया में मोहम्मद रज्जाक के खाते में पहुंची है। उन्होंने सायबर शिकायत के बाद न्यायालय के माध्यम से होल्ड राशि प्राप्त करने का प्रयास किया। न्यायालय ने पुलिस शिकायत करने की बात कही। अब तक की गई राशि प्राप्त करने की प्रक्रिया में पुलिस शिकायत की जरूरत होने पर रिटायर्ड अधिकारी द्वारा नानाखेड़ा थाना पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। जिस खाते में राशि का ट्रांजेक्शन हुआ है, उस खाताधारक की तलाश में नानाखेड़ा पुलिस प्रयागराज जायेगी।

## आई ए एस संतोष वर्मा के समर्थन में महिला मंडल की रैली आज

**उज्जैन।** सरकार द्वारा आईए एस अधिकारी एवं अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा पर की गई कथित गलत कार्रवाई के विरोध में एससी-एसटी-ओबीसी संयुक्त अंबेडकरवादी महिला संगठन द्वारा भोपाल में आमसभा आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय पर जिला अध्यक्ष डॉ. आर एल परमार के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात बैठक प्रारंभ हुई। जिसमें भोपाल में आयोजित होने वाली रैली की तैयारियों, सहभागिता एवं संगठनात्मक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। डीएल भीलवाड़ा ने बताया कि 18 जनवरी को भोपाल में आयोजित रैली में उज्जैन जिले सहित पूरे संभाग से बड़ी संख्या में अजाक्स के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि भोपाल रैली से पूर्व आज 13 जनवरी को महिला मंडल द्वारा एक रैली निकाली जाएगी। बैठक में प्रांतीय सचिव डॉ. कनिया मेडा, रमेशचंद्र सूर्यवंशी, करण परमार, गिरधर मालवीय, धर्मेंद्र सोलंकी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महापौर पहुंचे वार्ड 1 से लेकर 10 तक के पार्षदों के घर

**उज्जैन।** सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा वार्ड क्रमांक 01 से लेकर वार्ड क्रमांक 10 तक के सभी पार्षदों के घर पहुंच कर प्रत्यक्ष संपर्क किया गया। जिसमें वार्ड में चल रहे निर्माण कार्यों, सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था पर चर्चा की गई। महापौर ने अवगत कराया कि सोमवार को वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 10 तक के पार्षदों के घर पहुंचकर वार्डों में चल रहे विकास कार्यों, निर्माण कार्यों, सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टिगत रखते हुए वार्ड में चल रहे निर्माण कार्यों, झोन से संबंधित कार्यों एवं रहवासियों द्वारा वार्ड की जो समस्याएं बताई जाती है। उनका किस प्रकार निराकरण किया जाता है साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 पर भी पार्षदों से चर्चा की गई कि आगामी बजट में शहर की जनता के लिए क्या कार्य कर सकते हैं ताकि शहर की जनता लाभान्वित हों। इस दौरान वार्ड पार्षद निकिता परमानंद मालवीय, हेमंत गहलोत, पंकज चौधरी, बबीता घनश्याम गौड़, दिलीप परमार, विजय कुशवाहा, गजेंद्र हिरवे, सपना सांखला, गब्बर भाटी उपस्थित रहे।

# प्रतिबंधित चाइना डोर को लेकर मैदान में आई पुलिस

## युवाओं को दिलाई जा रही शपथ, ड्रोन-दूरबीन से रख रहे नजर





**उज्जैन।** चाइना डोर पर लगे प्रतिबंध के बाद मकर संक्रांति से 2 दिन पहले पुलिस ने मैदान संभाल लिया है। चाइना डोर से पतंगबाजी नहीं करने की लोगों को शपथ दिलाई जा रही है। घातक डोर से पतंग उड़ाने वालों पर ड्रोन और दूरबीन से नजर रखी जा रही है।



दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में चाइना डोर पर प्रतिबंध लगा दिया गया था बावजूद इसके चाइना डोर से होने वाली घटनाएं लगातार सामने आ रही है। मकर संक्रांति पर होने वाले पतंग उत्सव में चाइना डोर का उपयोग ना हो इसको लेकर पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को पुलिस पूरी तरह से मैदान में दिखाई दी और चाइना डोर से पतंग नहीं उड़ने की लोगों को शपथ दिलाई गई। बाजारों में भी चाइना डोर नहीं बचने की हिदायत दुकानदारों को दी जा रही है। महाकाल थाना पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। यही नहीं आसमान में उड़ रही पतंग में चाइना डोर तो नहीं है। इसको लेकर दूरबीन और ड्रोन से भी नजर रखी जा रही है। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि पतंग डोर का मुख्य बाजार उनके थाना क्षेत्र में लगता है जहां एक टीम पूरी तरह से नजर बनाए हुए और प्रतिबंधित डोर नहीं बेचने की हिदायत दे रही है। फिलहाल किसी भी दुकानदार के पास चाइना डोर होना सामने नहीं आया है बावजूद इसके टीम द्वारा चाइना डोर से कोई हादसा ना हो इसको लेकर पूरी तरह से मुस्तेदी बरती जा रही है। चाइना रोड आम लोगों के लिए ही नहीं पशु पक्षियों के लिए भी घातक साबित हो रही है।

### दो युवकों को पतंग उड़ाते पकड़ा

प्रतिबंध लगा होने के बाद भी चाइना डोर से पतंग उड़ा रहे हैं दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। जिनके खिलाफ जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करने की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि एक युवक चित्रांश सक्सेना निवासी तिरुपति एवेन्यू और दूसरा इशांन शर्मा निवासी मोहन नगर है। दोनों से एक-एक चाइना डोर की रील बरामद की गई है।


## युवा दिवस पर भाविप ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**उज्जैन।** विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर भारत विकास परिषद विक्रमादित्य एवं महाकाल के संयुक्त तत्वावधान में प्रेमित्रा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर पर 72वाँ स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। संस्था अध्यक्षद्वय डॉ. प्रशांत पाटीदार, मोहन राजवानी एवं रविन्द्र मुले ने बताया कि संस्था संरक्षक भगवान शर्मा एवं दीपक राजवानी के मार्गदर्शन में लगे इस शिविर में डॉ. सीपी पाटीदार, उमेश शुक्ला, डॉ. राहुल नागर, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. विशाल पायेदार सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 57 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। डॉ. (कर्नल) जी. व्यास, डॉ. रूपेश खत्री, डॉ. जितेंद्र शर्मा, डॉ. अजय मंडलोई, डॉ. मुस्तफा सिंगापुरवाला, डॉ. स्वप्निल पेंडारकर, डॉ. सुरेश समदानी, डॉ. रजनीश पाटीदार, डॉ. विजय पाटीदार, डॉ.आशीष दुबे, डॉ. सुरेश बैंडवाल, डॉ. योगेश सर्राफ, डॉ. शरद गोवा, डॉ. उमेश शुक्ला, डॉ. हुसैन फीगंजवाला, डॉ. साधना दुबे, डॉ. दीपक फूलवानी, डॉ. समर्थ पाटीदार, डॉ. विजय पाटील, डॉ. पदमसिंह नरवरिया, डॉ. बी. के. मालवीय, डॉ. गिरधर सोनी, डॉ. अमृता सोनी, डॉ. आदित्यवर्धन पाटीदार, डॉ. आनंद यादव, डॉ. सिद्धार्थ मारोठिया, डॉ. आभास शर्मा, प्रतीक व्यास, सुनील आनंद श्रीवास्तव, अनिरुद्ध नाहर, सुनील सोनी, सागर सक्सेना, तरुण शितोले, अंशुल कोठालकर, अभिषेक पाटीदार का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन सुभाष पाठक ने किया व आभार गिरीश पाठक ने माना।

## जनप्रतिनिधियों के साथ विद्यार्थियों ने किया दशहरा मैदान पर सामूहिक सूर्य नमस्कार







**उज्जैन।** लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार सोमवार 12 जनवरी को दशहरा मैदान पर आयोजित सूर्य नमस्कार के जिला स्तरीय कार्यक्रम में 4000 से अधिक विद्यार्थियों ने एक साथ प्रदेश से प्रसारित रेडियो कार्यक्रम अनुसार सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश भी प्रसारित हुआ। सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव, संजय अग्रवाल, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह , एसपी प्रदीप शर्मा , जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ ही विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार की 12 स्टेप 3 बार पूर्ण की। सामूहिक सूर्य नमस्कार के बाद राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सूर्य नमस्कार और विचारों के साथ मनाया गया युवा दिवस कार्यक्रम

**उज्जैन।** युवा दिवस के पावन अवसर पर अक्षत इंटरनॅशनल स्कूल, उज्जैन में प्रेरणा, ऊर्जा और अनुशासन से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातःकालीन सभा की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार से हुई, जहां अनुशासन, स्वास्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा का अनुपम दृश्य देखने को मिला। विद्यार्थियों ने योग के माध्यम से शारीरिक-मानसिक संतुलन का संदेश दिया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में स्वामी अनुभवनंदजी, सचिव रामकृष्ण मिशन उज्जैन ने स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ती पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों, आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण, सेवा-भाव और नेतृत्व को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति अडिग रहने, सकारात्मक सोच अपनाने और निरंतर आत्मविकास की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने अतिथि का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल स्मरणीय रहा, बल्कि उन्हें सशक्त, संस्कारित और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी दे गया। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक आनंद पण्ड्या, निदेशक राहुल पण्ड्या, शैक्षणिक निदेशिका सरोज वागले, उप प्राचार्या पल्लवी दीवाकर, समन्वयक गण, शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे। यह जानकारी सीसीओ राखी मेहता द्वारा दी गई।

## सेवा धाम आश्रम में वृद्धा चम्पाबाई को मिला परिवार

**उज्जैन।** सेवाधाम आश्रम उज्जैन में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल ने स्वामी विवेकानन्द जयंती पर उनके सद्कार्यों को याद करते हुए उनके बताए गए दरिद्र नारायण की सेवा के मार्ग पर चलने का प्रण लिया और कहा कि वह मेरे आध्यात्मिक गुरू है। बचपन से लेकर आज तक निरंतर स्वामीजी के चरित्र एवं उनके बताऐ मार्ग पर चलने की एक छोटी से कोशिश कर रहा हूं। राष्ट्रीय युवा दिवस पर अमलतास हॉस्पिटल एण्ड मेडिकल कॉलेज देवास में आश्रम के बहु दिव्यांग 4 बालकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए एवं स्वस्थता की मंगल कामनाओं के साथ विदा किया। इस अवसर पर आश्रम में विगत 40 वर्षों से परिवार को त्याग चुकी चम्पाबाई को 20 माह पूर्व मरणासन्न एवं दयनीय स्थिति में सीएसपी थाना महाकाल की अनुशंसा पर लावारिस स्थिति में प्रवेश दिया था। आश्रम की देखेरख एवं आत्मीय प्यार के कारण वह स्वस्थ हुई एवं परिवार की काउंसलिंग कर सम्पूर्ण परिवार में पुत्र, बहू, बेटी, पोते एवं अन्य परिवाजनों की उपस्थिति में मंगल तिलक, माला एवं मिष्ठान्न खिलाकर परिवार में पुनर्वास किया।

# पाउच को लेकर दो भाइयों को मारे चाकू

**उज्जैन। घर के बाहर रिक्शा सुधर रहे युवक से पड़ोसी ने पाउच के रुपए मांगे, मना करने पर पड़ोसी ने चाकू से युवक का गला रेत दिया। बीच बचाव करने है भाई पर भी पड़ोसी ने वार कर दिए। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।**

नागझिरी मटन मार्केट में रहने वाला अरबाज पिता जाकिर खान 24 वर्ष अपने घर के बाहर रिक्शा सुधार रहा था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला सोहेल उर्फ गोलू आया और पाउच के पैसे मांगने लगा। अरबाज ने मना कर दिया। सोहेल वहां से चला गया लेकिन कुछ देर बाद ही हाथ में चाकू लेकर आया और रिक्शा सुधार रहे अरबाज का पीछे से गला रेत दिया। सोहेल को हमला करता देख अरबाज का भाई मोहसिन 30 वर्ष उसे बचाने के लिए दौड़ा तो सोहेल ने उसे पर भी चाकू से वार कर दिए। दोनों भाई लहूलुहान हो गए। आसपास के लोग और परिजन दोनों घायल भाइयों को चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। अरबाज की हालत गंभीर होने पर ऑपरेशन थिएटर में भेजा गया।

मामले की जानकारी पुलिस को लगी तो घटनास्थल पहुंची, हमलावर के परिजनों ने ही सोहेल को पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि सोहेल मानसिक रूप से बीमार है पूर्व में अपने भाई पर भी चाकू से हमला कर चुका है। लेकिन पुलिस का कहना था कि जिस तरह से अरबाज पर हमला किया गया है मामला हत्या के प्रयास का है। सोहेल के खिलाफ जान से मारने की नीयत से हमला करने का प्रकरण दर्ज कर लिया है। उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। दोनों घायल भाइयों का चरक अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## सशस्त्र सेना वेटरन्स दिवस 14 को

**उज्जैन।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को फिल्ड मार्शल के एम करियप्पा, प्रथम कमाण्डर-इन-चीफ, भारतीय सशस्त्र सेना के सम्मान एवं यादगार में सशस्त्र सेना वेटरन्स दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय भी वर्ल्डवार-2 की विधवाओं, वीर नारियों एवं वयोवृद्ध भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानीत करेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों से आग्रह किया है कि सशस्त्र सेना वेटरन्स दिवस के आयोजन में शामिल होकर इस आयोजन को सफल बनावें। यह आयोजन 14 जनवरी बुधवार को सुबह 11.30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, कोठी पैलेस, नई कोर्ट भवन के पास, विक्रम मगर रोड, उज्जैन (म.प्र.) में किया जावेगा।

**महापौर का आरोप** टटवाल बोले-स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा तो समिति ऐसा व्यवहार कर रही

# महाकाल मंदिर समिति ने उज्जैन महापौर की भस्मारती की 25 परमिशन रोकी

नवभारत न्यूज



**उज्जैन। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल की वीआईपी कोटे के तहत होने वाली भस्मारती परमिशन रोक दी है। यह बात मीडिया को खुद महापौर टटवाल ने चर्चा में बताई है। महापौर का कहना है कि हाल ही में उन्होंने उज्जैन के स्थानीय श्रद्धालुओं की दर्शन सुविधा को लेकर कलेक्टर को पत्र लिखा था। इससे नाराज होकर समिति ने उनकी परमिशन रोकी है।**

इस विषय के बाद ऐसा लग रहा है कि अब महाकाल मंदिर समिति और उज्जैन के महापौर के बीच विवाद बढ़ गया है। महापौर ने मंदिर के अवंतिका द्वार से आधार कार्ड के जरिए आम उज्जैन के स्थानीय निवासियों के लिए सुलभ दर्शन की सुविधा शुरू कराई थी। लेकिन कुछ दिनों से श्रद्धालुओं को इसमें दिक्कत आ रही है। इसे लेकर महापौर ने कलेक्टर को पत्र लिखकर इस पर आपत्ति लेकर व्यवस्था में सुधार के लिए कहा था। इसके बाद मंदिर समिति ने महापौर को उनके कोटे से होने वाली 25 भस्मारती की परमिशन को रोक दिया है। हालांकि मामले में मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक का कहना है कि महापौर की ओर से आई सभी परमिशन नियम अनुसार समिति की जारी की है।



### महापौर कोटे से लोगों को परमिशन के मैसेज तो आए पर पेमेंट नहीं

महापौर टटवाल ने बताया कि शनिवार की रात उनके कोटे से हुई भस्मारती की परमिशन के लिए उनके परिचित लोगों के पास मैसेज तो आए लेकिन पेमेंट नहीं हो रहा था। जब इसकी जानकारी लगने पर उन्होंने मंदिर समिति के लोगों से बात कि तो पता चला कि उनके कोटे की सभी 25 भस्मारती की परमिशन निरस्त कर दी गई है। इसके बाद उन्होंने मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक को फोन किया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। कलेक्टर रोशन सिंह से बात की इसके कुछ देर बाद मंदिर प्रशासक कौशिक का मैसेज आया कि आपकी परमिशन बन रही है। अधिकारियों की अनदेखी से नाराज होकर महापौर ने इससे संबंधित एक वीडियो जारी कर नाराजगी व्यक्त की। **जाने महापौर सहित किन लोगों के लिए है भस्मारती का कोटा**-महाकाल मंदिर समिति ने जनप्रतिनिधि, अधिकारी, मीडिया, संत-पुजारी को भस्मारती परमिशन के लिए वीआईपी कोटा स्वीकृत कर रखा है। इसी के तहत उज्जैन महापौर को रोज 25 भस्मारती की परमिशन की अनुमति है।

## कालभैरव मंदिर के बाहर से 9 युवकों को पकड़ा

**उज्जैन।** उज्जैन। काल भैरव मंदिर में दर्शन के नाम से श्रद्धालुओं से रुपए लिए जाने की शिकायत मिलने पर सोमवार को पुलिस ने मंदिर के आसपास से नौ लोगों को हिरासत में लिया। जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई की गई है।

महाकाल मंदिर में तो आए दिन श्रद्धालुओं से रुपए लेकर दर्शन करने के मामले सामने आ रहे थे लेकिन सोमवार को काल भैरव मंदिर में भी श्रद्धालुओं से कुछ युवाओं द्वारा रुपए लेकर वीआईपी दर्शन कराए जाने की जानकारी पुलिस के पास तक पहुंच गई। सोमवार दोपहर को भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मंदिर पहुंचकर घेराबंदी की और नौ लोगों को चिन्हित कर हिरासत में लिया, जो ग्राम मौजम खेड़ी और भेरूगढ़ थाना क्षेत्र के रहने वाले है। भैरूगढ़ थाना प्रभारी आरएस शक्तावत ने बताया कि सभी से पूछताछ की गई है। देर शाम तक कोई श्रद्धालु सामने नहीं आया था जिससे युवकों ने रुपए लेकर दर्शन कराए हैं। बावजूद इसके सभी युवकों की मौजूदगी बेवजह मंदिर के आसपास होना भी अपने आप में एक प्रमुख प्रश्न है । सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई कर जेल भेजा जा रहा है।

### 14 को होलसेल किराना बाजार में रहेगा अवकाश

उज्जैन। दौलतगंज होलसेल किराना मर्चेन्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय रोहरा की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी की बैठक में हुए निणर्यानुसार 14 जनवरी बुधवार को मकर संक्रांति के उपलक्ष में दौलतगंज होलसेल किराना मार्केट का संपूर्ण अवकाश रहेगा। यह जानकारी संस्था सचिव आशीष जैन ने दी।